लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक BRLPS-LSBA/Admn/2018/032 दिनांक : 07.04.18

प्रेषक,

बालामुरूगन डी., भा०प्रा०से०,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–
मिशन निदेशक

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
सह– अध्यक्ष–जिला जल एवं स्वच्छता समिति।
पूर्वी चम्पारण/पश्चिमी चम्पारण/मुजफ्फरपुर।

विषयः– **दिनांक 10.04.2018 को मोतिहारी टेंट सिंटी में स्वाच्छाग्रहियों के आवागमन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि ''सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह'' कार्यक्रम में आयोजन दिनांक 10 अप्रैल 2018 को मोतिहारी स्थित गाँधी मैदान में किया जा रहा है। इस हेतु प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी स्वच्छाग्रहियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होना है। बिहार राज्य के बाहर से आये सभी स्वच्छग्रही दिनांक 09 अप्रैल 2018 को मोतिहारी के लिए प्रस्थान करेगें।

बिहार राज्य से सम्मिलित होने वाले आंतरिक स्वच्छाग्रहियों में से कुल 03 (तीन) जिलों से लगभग 5000 (पॉच हजार) स्वच्छाग्रहियो, (संलग्न सूची के अनुरूप) का प्रस्थान दिनांक 10 अप्रैल 2018 को मोतिहारी के लिए होना है। इस हेतु 5000 स्वच्छाग्रहियों में से सर्वप्रथम महिलाओं को वरीयता देते हुए दिनांक 10 अप्रैल 2018 को कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाया जाना है। तत्पश्चात् शेष स्वच्छाग्रहियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुॅचाने की व्यवस्था की जानी है।

तीन जिलों यथाः पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं मुजफ्फरपुर से आंतरिक स्वच्छाग्राही दिनांक **10 अप्रैल 2018 को पूर्वाह्न 08 बजे** तक कार्यक्रम स्थल पर पहुँचेगें तथा कार्यक्रम समापन के उपरांत अपने गंतव्य स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। दिनांक 10.04.2018 को मोतिहारी के लिए प्रस्थान एवं यात्रा के दौरान, अल्पाहार, भोजन एवं पेयजल पर प्रति प्रतिभागी/75 रूपया का व्यय किया जा सकता है। जिसका समायोजन जिले के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के IEC मद से किया जाना है।

जीविका से संबंधित महिला स्वच्छाग्रहियों के अनुश्रवण की जिम्मेवारी संबंधित जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका की होगी। साथ ही अन्य स्वच्छाग्रहियों के लिए जिला जल स्वच्छता समिति से नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला स्वच्छता प्रेरक/जिला समन्वयक/महिला पर्यवेक्षक या किसी अन्य को प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

दिनांक 10 अप्रैल 2018 को स्वच्छाग्रहियों के साथ आने वाले **बस के पार्किंग** की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा टेंट सिटी के सामने **चीनी मिल छोटा बरियारपुर, मोतीहारी** में की गयी है।

कार्यक्रम समापन के उपरांत उक्त स्वच्छाग्रहियों को **भोजन की व्यवस्था चीनी मिल छोटा बरियारपुर,** मोतीहारी में की गयी है।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि सभी स्वच्छाग्रहियों के आवागमन की व्यवस्था टीम लीडर के साथ समुचित रूप से की जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाय सभी प्रतिभागी प्रातः 8:00 बजे तक चीनी मिल छोटा बरियारपुर, मोतीहारी पहुँच जाय। साथ ही टीम लीडर का नाम, मोबाईल नम्बर के साथ दिनांक 08.04.2018 तक राज्य कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई में उपलब्ध कराया जाय।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन्

07/04/18

(बालामुरूगन डी., भा०प्रा०से०,)

प्रतिलिपि :– सभी जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी उप–विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, पूर्वी चम्पारण/पश्चिमी चम्पारण/मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

07/04/18

(बालामुरूगन डी., भा०प्रा०से०)

10th April 2018 Internal Swachhagrahis Movement Plan for S2S Champaran Event

DISTRICT	Approved Swachhagrahis			Jeevika Motivators	
	MALE	**FEMALE**	**TOTAL**	**FEMALE**	**GRAND TOTAL**
PURBA CHAMPARAN	543	454	997	2000	2997
PASCHIM CHAMPARN	266	224	490	510	1000
MUZZAFFARPUR	318	178	496	490	986
TOTAL			**1983**	**3000**	**4983**

Note:- 1.Parking Place for 10th morning at Sugar Mill,Chota Bariyarpur,Motihari

2.Lunch at parking place after end programme